राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – फरवरी 2025

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ । परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किशत जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ । शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर चंडीगढ़ में प्राप्त हुए, जिनमें से 22 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापित किए गए हैं और शेष फीडर मीटर स्थापना कार्य प्रगति पर हैं।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 11 फरवरी 2025 को निदेशक NPMU ने अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा भारत में कुशल ग्रिड-इंटरैक्टिव भवनों पर आयोजित ऑनलाइन हितधारक परामर्श में भाग लिया।
2. 17 फरवरी 2025 को निदेशक NPMU ने CBIP बोर्ड रूम, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित CIRED-इंडिया की पहली गवर्निंग काउंसिल बैठक में भाग लिया।
3. 23 फरवरी 2025 को निदेशक NPMU ने इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित ELECRAMA 2025 के दौरान 'ऊर्जा के भविष्य को आकार देने' कार्यक्रम में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया।
4. फरवरी 2025 तक, विभिन्न स्थानों पर 2.18 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**